जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

27 जून, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में समर कोचिंग कैंप-2024 का समापन

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेम्स एंड स्पोर्ट्स विभाग द्वारा 8 से 15 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों हेतु आयोजित एक महीने के 'समर कोचिंग कैंप' का समापन दिनांक 25 जून, 2024 को विश्वविद्यालय के एनएमएकेपी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ। कैंप के दौरान बच्चों को बास्केटबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, टेबल-टेनिस और बैडमिंटन की कोचिंग प्रदान की गई।

समापन समारोह में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. मोहम्मद शकील मुख्य अतिथि रहे और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के शिक्षा संकाय की डीन प्रो. सारा बेगम विशिष्ट अतिथि रहीं । समापन समारोह में दूसरे संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, छात्र, प्रशासनिक कर्मचारी सहित समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों के माता-पिता भी शामिल हुए।

कुलपति ने समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों से बातचीत की और जामिया के गेम्स एंड स्पोर्ट्स विभाग के निदेशक प्रो. वसीम अहमद खान, जामिया मिलिया इस्लामिया के खेल एवं क्रीड़ा विभाग के उप निदेशक प्रो. मोहम्मद शाहिद खान और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की जिन्होंने दिनांक 24 मई, 2024 से शुरू हुए एक महीने तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन कोचिंग कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। उन्होंने बच्चों को चुस्त-दुरुस्त और स्वस्थ रहने के लिए यथासंभव खेल गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेम्स एंड स्पोर्ट्स विभाग को सभी पक्षों की ओर से बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया और सराहना प्राप्त हुई विशेषकर अभिभावकों की ओर से, जो अपने बच्चों को प्रतिभा से भरपूर देखकर उत्साहित एवं प्रसन्न थे।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया